Title : Regarding augmentation of train services connecting Palamu Parliamentary Constituency-Laid

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ जो निम्नलिखित हैं:-

1. 12453/12454 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव ।

2. वन्दे भारत ट्रेन को रांची से डालटनगंज होते हुए वाराणसी तक चलाई जाए ।

3. पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव ।

4. पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव ।

5. गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का मोहम्मदगंज पर ठहराव ।

6. रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन चलती है, उसे चार दिन चलाई जाए ।

7. रांची-नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 को सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे 6 दिन चलाई जाए ।

8. रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311/18611 रांची से वाराणसी तक चलती है उसे गोरखपुर तक विस्तारित किया जाए ।

9. रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलायी जाय, जो कोरोना काल में चली थी । उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू किया जाय । डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है ।

अतः सरकार उपरोक्त मागों को पूरा कराएं , ताकि यात्रियों का रेलवे की यात्रा सुगम हो सके ।